
1. दिए गए मानक आरेख में उपभोक्ता अधिशेष की माप है–




(a) PA (b) OB
(c) AO (d) AB

2. उत्पादक-संघ (Cartel) का उद्देश्य किसे अधिकतम करना है ?
(a) व्यक्तिगत लाभ
(b) उद्योग का लाभ
(c) सदस्यों के उत्पादन का हिस्सा
(d) सदस्यों की ख्याति

3. "किसी को बदतर बनाए बिना किसी को बेहतर नहीं बनाया जा सकता है" यह कथन निम्नलिखित में किसका वर्णन करता है ?
(a) पेरेटो इष्टतम
(b) नैश संतुलन
(c) निम्न स्तरीय संतुलन जाल
(d) कुर्नो संतुलन

4. स्लट्स्की (Slutsky) समीकरण व्याख्या करता है–
(a) टिकाऊ वस्तुओं की माँग की
(b) टिकाऊ वस्तुओं की आपूर्ति की
(c) मूल्य, आय तथा प्रतिस्थापन प्रभावों के बीच विभाजन की
(d) विरल अथवा अनुपर्उत्पादनीय वस्तुओं की माँग की

5. L आकार का औसत लागत वक्र बड़े फर्मों में देखा जाता है, क्योंकि–
(a) केवल वृद्धिशील प्रतिफल का नियम कार्य करता है
(b) पैमाने के प्रति स्थिर प्रतिफल का नियम कार्य करता है
(c) केवल स्थिर प्रतिफल का नियम कार्य करता है
(d) ह्रासमान प्रतिफल के नियम की क्रियाशीलता सतत रूप से स्थापित होती रहती है

6. एकाधिकारिक बाजार में दीर्घावधिक संतुलन के सम्बन्ध में निम्नांकित कथनों पर विचार करें–
I. फर्म 'न लाभ न हानि' की स्थिति में है।
II. फर्मों का प्रवेश अथवा निकास नहीं है।
उक्त कथनों में कौन सही हैं ? नीचे दिए गए कूट से उत्तर दीजिए–
(a) केवल I सही है
(b) केवल II सही है
(c) I और II दोनों सही हैं
(d) I और II में कोई भी सही नहीं है

7. निम्नांकित में से कौन बीमा बाजार (Insurance Markets) की समस्या नहीं है ?
(a) प्रतिकूल चयन
(b) नैतिक संकट
(c) असममितीय सूचना
(d) मुख्यकर्ता-अभिकर्ता समस्या

8. उपभोग में निकृष्ट वस्तुओं में होता है–
(a) ऋणात्मक (Negative) आय प्रभाव
(b) धनात्मक (Positive) आय प्रभाव
(c) शून्य (Zero) आय प्रभाव
(d) असीमित (Infinite) आय प्रभाव

9. निम्नांकित कथनों पर विचार कीजिए–
I. मुद्रास्फीति कर्जदारों के लिए लाभदायक है।
II. मुद्रास्फीति बांडधारकों के लिए लाभदायक है।
उपर्युक्त दिए गए कथनों में कौन सही है/हैं ?
कूट :
(a) केवल I
(b) केवल II
(c) I और II दोनों
(d) I और II में से कोई भी नहीं

10. 'निकट मुद्रा' (Near money) की सही परिभाषा है–
(a) परिसम्पत्ति जिसमें 100% तरलता है
(b) परिसम्पत्ति जिसमें मूल्य संचय कार्य नहीं है
(c) परिसंपत्ति जो विनिमय का माध्यम है
(d) परिसम्पत्ति जो मूल्य संचयन का कार्य पूरा करता है तथा जिसे अल्प सूचना पर विनिमय के साधन में रूपांतरित किया जा सकता है

11. सोलो मॉडल में सतत संवृद्धि की स्थिति के संदर्भ में समयोपरि उत्पादन वृद्धि दर होगी–
(a) वर्धमान (b) ह्रासमान
(c) स्थिर (d) उतार-चढ़ाव वाली

12. निम्नांकित में किन अर्थशास्त्रियों ने अर्थव्यवस्था में द्वैतवाद की परिकल्पना की ?
I. रेनी एवं फे II. डी. रिकार्डो
III. राबर्ट सोलो IV. आर. हैरोड
नीचे दिए गए कूट से उत्तर दीजिए–
(a) उपर्युक्त चारो (b) केवल I और II
(c) केवल IV (d) I, II और III

13. दो उद्योगों के प्रसंग में साइमन-हाकिन्स सार्थकता शर्त के लिए निम्नलिखित में कौन-सा कथन सत्य है? ($a_{ij}$, $i = 1, 2$ और $j = 1, 2$)
(a) $\begin{bmatrix} 1-a_{11} & -a_{12} \\ -a_{21} & 1-a_{22} \end{bmatrix} < 0$
(b) $\begin{bmatrix} 1-a_{11} & -a_{12} \\ -a_{21} & 1-a_{22} \end{bmatrix} > 0$
(c) $\begin{bmatrix} a_{11} & -a_{12} \\ -a_{21} & a_{22} \end{bmatrix} > 0$
(d) $(1 - a_{11})(1 - a_{22}) - a_{12} \cdot a_{21} < 0$

14. गुणक की धारणा का विकास सबसे पहले किसने जून 1931 के Economic Journal में प्रकाशित अपने "The Relation of Home Investment to Unemployment" शीर्षक लेख में किया था ?
(a) डिल्लर्ड (b) रिकार्डो
(c) आर०एफ०काहन (d) मार्शल

15. निम्न में से किसके अनुसार, "बचत तथा निवेश, समस्त समुदाय के लिए, मात्रा में अनिवार्य: समान होते हैं क्योंकि वे एक ही चीज के विभिन्न पक्ष हैं ?
(a) ओहलिन (b) लुट्ज
(c) हैबरलर (d) केन्स

16. निम्नलिखित कौन-सा कथन गुणक सिद्धांत से सम्बन्धित है ?
(a) गुणक सिद्धांत आय तथा रोजगार के सिद्धांत में निवेश के महत्व को दर्शाता है
(b) जब ब्याज की दर में परिवर्तन के कारण आय तथा रोजगार के स्तर में उतार-चढ़ाव आते हैं, तो गुणक प्रक्रिया व्यापार-चक्र के विभिन्न चरणों पर प्रकाश डालती है
(c) गुणक आर्थिक नीतियों के निर्माण में, आधुनिक सरकारों के हाथों में एक महत्वपूर्ण औजार है
(d) उपरोक्त सभी

17. सूची I को सूची II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए :

| | सूची I | | सूची II |
|---|---|---|---|
| a. | उत्पादन मूल्य | 1. | सकल मूल्य वृद्धि (बाजार कीमतों पर) स्थिर पूँजी का उपभोग |
| b. | बाजार कीमत पर वृद्धि शुद्ध मूल्य वृद्धि ($NVA_{mp}$) | 2. | ब्रिक्री + स्टॉक में शुद्ध |
| c. | साधन लागत पर शुद्ध मूल्य वृद्धि ($NVA_{fc}$) | 3. | बाजार कीमत पर शुद्ध घरेलू उत्पादन – विदेशों से प्राप्त होने वाली शुद्ध साधन आय |
| d. | साधन लागत पर शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद ($NNP_{fc}$) | 4. | बाजार कीमत पर शुद्धमूल्य वृद्धि –अप्रत्यक्ष कर + आर्थिक सहायता |

| कूट : | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (b) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (c) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (d) | 3 | 4 | 1 | 2 |

18. घरेलू उत्पाद और राष्ट्रीय उत्पाद के जोड़ को प्राप्त करने के लिए निम्नलिखित में से किस समंजन की आवश्यकता पड़ती है ?
(a) घरेलू उत्पाद से राष्ट्रीय आय प्राप्त करने के लिए घरेलू उत्पाद में विदेशों से प्राप्त शुद्ध साधन आय जोड़ते हैं
(b) सकल माप से शुद्ध माप प्राप्त करने के लिए सकल माप में से पूँजी का स्थिर उपभोग घटाते हैं
(c) बाजार कीमत पर माप से साधान लागत पर माप प्राप्त करने के लिए बाजार कीमत में से अप्रत्यक्ष कर घटाते हैं व आर्थिक सहायता जोड़ते हैं
(d) उपरोक्त सभी

19. परिवर्तनशील अनुपातों के नियम के अनुसार सीमान्त उत्पादन, कुल उत्पादन व औसत उत्पादन में से सबसे अंत में क्या घटना प्रारंभ होता है?
(a) सीमान्त उत्पादन (b) कुल उत्पादन
(c) औसत उत्पादन (d) इनमें से कोई नहीं

20. परिवर्तनशील अनुपातों के नियम के अनुसार मोड़ बिन्दु (Inflection point) के पश्चात कुल उत्पादन किस प्रकार वृद्धि करता है?
(a) घटती दर से
(b) बढ़ती दर से
(c) समान दर से
(d) पहले समान दर से फिर घटती दर से

21. निम्नलिखित कथनों में से उत्पादन की प्रथम अवस्था के संदर्भ में कौन-सा सत्य है?
(a) इस अवस्था के अंत में औसत उत्पादन अधिकतम हो जाता है
(b) इस अवस्था के अंत में औसत उत्पादन, सीमान्त उत्पादन के बराबर पहुँच जाता है
(c) इस अवस्था में बढ़ते प्रतिफल प्राप्त होते हैं
(d) उपरोक्त सभी

22. उत्पादन की तीसरी अवस्था में किस प्रकार के प्रतिफल प्राप्त होते हैं?
(a) धनात्मक सीमांत प्रतिफल
(b) ऋणात्मक सीमांत प्रतिफल
(c) धनात्मक औसत प्रतिफल
(d) धनात्मक कुल प्रतिफल

23. उत्पादन की किस अवस्था में सीमान्त उत्पादन गिरना प्रारंभ होता है?
(a) प्रथम अवस्था (b) द्वितीय अवस्था
(c) तृतीय अवस्था (d) A और B दोनों

24. उत्पादन की किस अवस्था में कुल उत्पादन अधिकतम होता है?
(a) प्रथम अवस्था (b) द्वितीय अवस्था
(c) तृतीय अवस्था (d) इनमें से कोई नहीं

25. ''घटते प्रतिफल की प्रवृत्ति'' का पुराना आर्थिक सिद्धान्त किस अर्थशास्त्री द्वारा प्रारंभ किया गया था?
(a) टर्गट (b) रिकार्डो
(c) माल्थस (d) मार्शल

26. यदि देश में बेरोजगारी है तो मुद्रा के 'परिणाम सिद्धांत' के अनुसार मुद्रा की मात्रा में वृद्धि के फलस्वरूप–
(a) कीमत स्तर में वृद्धि होगी।
(b) कीमत स्तर में कमी होगी।
(c) मुद्रा का प्रचलन वेग अधिक हो जाएगा
(d) इस सम्बन्ध में यह नियम लागू नहीं होता।

27. यदि फिशर के मुद्रा परिमाण सिद्धांत में सभी चरों का मान दोगुना कर दिया जाए, तब कीमत स्तर हो जाएगा–
(a) आधा (b) दोगुना
(c) आपरिवर्तित (d) इनमें से कोई नहीं।

28. खुले बाजार की क्रियाएँ (Open Market Operation) निम्नलिखित में से किस नीति का अंश है ?
(a) आय नीति (b) साख नीति
(c) राजकोषीय नीति (d) श्रम नीति

29. मुद्रा परिमाण के कैम्ब्रिज समीकरण में यदि कुल उत्पाद (Y) तथा मुद्रा (M) दोनों अपरिवर्तित रहें और K में वृद्धि हो जाए तो–
(a) निरपेक्ष मूल्य स्तर गिर जाएगा।
(b) निरपेक्ष मूल्य स्तर बढ़ जाएगा।
(c) सपेक्ष मूल्य स्तर गिर जाएगा।
(d) सापेक्ष मूल्य स्तर बढ़ जाएगा।

30. ग्रेशम का नियम है–
(a) जब कीमत गिरती है, तो माँग बढ़ती है।
(b) जब मुद्रा की मात्रा बढ़ती है।
(c) बुरी मुद्रा, अच्छी मुद्रा को प्रचलन से बाहर कर देती है।
(d) अच्छी मुद्रा, बुरी मुद्रा को प्रचलन से बाहर कर देती है।

31. निम्नलिखित का अवलोकन कीजिए :
(1) चैक (2) हुंडी
(3) प्रोनोट
उपरोक्त में से किस रूप में प्रचलित मुद्रा अवैध मुद्रा होती है?
(a) 1 और 2 (b) 2 और 3
(c) 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

32. जब मुद्रा बाहरी प्रकार की होती है तो अर्थव्यवस्था के वास्तविक चरों पर इसका .................. प्रभाव होता है।
(a) धनात्मक (b) ऋणात्मक
(c) तटस्थ (d) उपरोक्त सभी

33. जब स्फीति या अवस्फीति होती है तो आंतरिक मुद्रा के मामले में मुद्रा की क्रय शक्ति में समान परिवर्तन होता है?
(a) निजी क्षेत्र की परिसम्पत्तियों
(b) निजी क्षेत्र की देयताओं
(c) (a) और (b) दोनों
(d) सार्वजनिक क्षेत्र की देयता

34. फिशर के अनुसार यदि मुद्रा की मात्रा दुगनी कर दी जाये तो मुद्रा का मूल्य
(a) आधा हो जाएगा (b) दुगुना हो जाएगा
(c) अपरिवर्तित रहेगा (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

35. फिशर ने कीमत स्तर हेतू निम्न में से कौन-सा समीकरण दिया है?
(a) $P = \frac{MV}{T} + V'$
(b) $P = \frac{MV + M'V'}{T}$ *or* $P = \frac{mv}{T}$
(c) $P = \frac{MV}{T}$
(d) $P = \frac{(M+M)^2}{T}$

36. बगलीहार जलविद्युत परियोजना के कार्यान्वयन पर किस देश को आपत्ति है ?
(a) नेपाल (b) भूटान
(c) बांग्लादेश (d) पाकिस्तान

37. देश के व्यावसायिक ऊर्जा खपत में कोयले का योगदान है–
(a) 55% (b) 67%
(c) 73% (d) 80%

38. भारत में कुल उत्पादित विद्युत में परमाणु शक्ति का भाग है, लगभग–
(a) 2% (b) 3%
(c) 4% (d) 5%

39. निम्नलिखित कोयला क्षेत्रों में किसका कोयला भण्डार सर्वाधिक है ?
(a) झरिया (b) रानीगंज
(c) कोरवा (d) सिंगरौली

40. ग्रामीण विद्युतीकरण निगम की स्थापना कब की गई थी ?
(a) 1969 ई० (b) 1971 ई०
(c) 1975 ई० (d) 1982 ई०

41. व्यापार से लाभों के वितरण को मार्शल ने किन वक्रों के रूप में स्पष्ट किया?
(a) तटस्थ प्रस्ताव वक्र (b) एजवर्थ प्रस्ताव वक्र
(c) समुदाय तटस्थता वक्र (d) रूपान्तरण वक्र

42. अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार से उस देश को तब अधिकतम लाभ होता है जब
(a) उसकी विदेशी वस्तुओं की मांग बहुत लोचदार हो
(b) उसकी वस्तुओं की दूसरे देश की मांग बेलोच हो
(c) (a) और (b) दोनों
(d) उसकी विदेशी वस्तुओं की मांग बेलोचदार हो

43. विश्व बाजार की कीमतों और घरेलू बाजार की कीमतों के बीच जितना अधिक अंतर होता है, अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार से उतना ही अधिक लाभ होता है
(a) बड़े देश को (b) छोटे देश को
(c) (a) और (b) दोनों (d) किसी भी देश को नहीं

44. किसी देश की निर्यात वस्तुओं तथा आयात वस्तओं की कीमतों का अनुपात कौन-सी व्यापार शर्त होती है?
(a) वस्तु व्यापार की शर्त
(b) व्यापार की आय शर्त
(c) व्यापार की एकघटकीय शर्त
(d) व्यापार की द्विघटकीय शर्त

45. एक देश का प्रस्ताव वक्र जितना अधिक बेलोच होगा दूसरे देश के मुकाबले उसकी व्यापार शर्तें उतनी ही
(a) अधिक अनुकूल होंगी (b) कम प्रतिशत होंगी
(c) अधिक प्रतिकूल होंगी (d) कम अनुकूल होंगी

46. निम्न में से कौन एक भारत में भूमि सुधार का अस्त्र नहीं है ?
(a) बिचौलियों का उन्मूलन
(b) काश्तकारी सुधार
(c) भूमि जोतों का उच्चतम सीमा
(d) कृषि आगत

47. निम्नलिखित में से कौन-सा सार्वजनिक उपक्रम सबसे अधिक लाभ अर्जित कर रहा है–
(a) भारत हैवी इलैक्ट्रिकल्स लिमिटेड
(b) भारतीय तेल निगम
(c) भारतीय इस्पात प्राधिकरण
(d) भारतीय गैस प्राधिकरण

48. ''भारत में चीनी उद्योग का स्थानीयकरण उत्तर से दक्षिण की ओर खिसक रहा है।'' इस कथन का मुख्य कारण है–
(a) सस्ता श्रम
(b) बाजार की उपलब्धता
(c) सस्ती ऊर्जा
(d) गन्ने की अधिक उपज एवं सुक्रोज की मात्रा

49. भारत में वृहद क्षेत्र का सबसे पुराना उद्योग है–
(a) सूती कपड़ा (b) ऊनी कपड़ा
(c) लोहा और इस्पात (d) कागज

50. निम्नलिखित में से कौन भारत भूमि सुधार कार्यक्रम का हिस्सा नहीं रहा है ?
(a) जोतों की अधिकतम सीमा
(b) जोतों की चकबंदी
(c) कृषि-जोत कर
(d) जमींदारी उन्मूलन

51. देश के 14 बड़े व्यापारिक बैंकों का राष्ट्रीयकरण कब हुआ था?
(a) जुलाई 19, 1969 (b) अगस्त 15, 1971
(c) जून 25, 1972 (d) मई 12, 1975

52. भारत में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक किन राज्यों में कार्यरत नहीं है?
(a) पंजाब और केरल (b) गोवा और सिक्किम
(c) गुजरात और राजस्थान (d) बिहार और महाराष्ट्र

53. यू.टी. आई. बैंक का नाम बदल कर अब क्या कर दिया गया है?
(a) ड्यूश बैंक (b) यस बैंक
(c) सिटी बैंक (d) एक्सिस बैंक

54. नाबार्ड NABARD की स्थापना किस वर्ष में हुई थी?
(a) 1982 (b) 1989
(c) 1987 (d) 1985

55. राष्ट्रीय आवास बैंक (NHB) की स्थापना किस वर्ष में हुई थी?
(a) 1988 (b) 1989
(c) 1987 (d) 1985

56. सार्वजनिक क्षेत्र के उद्योगों में अनिवेश का दौर कब से प्रारम्भ हुआ ?
(a) 1980-81 ई० (b) 1985-88 ई०
(c) 1990-91 ई० (d) 1991-92 ई०

57. भारत में लघु उद्योग की परिभाषा किस पर आधारित है ?
(a) किस इकाई की विक्री की मात्रा पर
(b) किसी इकाई में संयंत्रों और यंत्रों के लिए निवेश का मान
(c) किसी इकाई की दूर-दूर तक बाजार में पहुँच पर
(d) विनिर्मित उत्पाद का उद्योग मंत्रालय द्वारा बनायी गई सूची में होना या न होना

58. सार्वजनिक क्षेत्र के कितने उपक्रम नवरत्नों की श्रेणी में हैं ?
(a) 5 (b) 9
(c) 14 (d) 16

59. सार्वजनिक क्षेत्र से तात्पर्य है–
(a) वाणिज्य एवं व्यापार पर सरकार का नियंत्रण
(b) वाणिज्य एवं व्यापार पर निजी स्वामित्व
(c) वाणिज्य एवं व्यापार पर धनिकों का स्वामित्व
(d) वाणिज्य एवं व्यापार पर मौलिक रूप से निजी स्वामित्व जिन्हें सरकार ने ले लिया है ।

60. निम्नलिखित में से सार्वजनिक क्षेत्र में कौन है ?
1. भारतीय उर्वरक निगम 2. भारतीय खाद्य निगम
3. भारतीय कपास निगम 3. भारतीय कूट निगम
कूट :
(a) 1 एवं 2 (b) 2 और 3
(c) 3 एवं 4 (d) 1, 2, 3 व 4

61. निम्नलिखित में से मुद्रा आपूर्ति की सर्वाधिक तरल माप क्या है?
(a) M1 (b) M2
(c) M3 (d) M4

62. कपार्ट (CAPART) का संबंध है-
(a) ग्रामीण कल्याण कार्यक्रमों की सहायता व मूल्यांकन से
(b) कम्प्यूटर व हार्डवेयर से
(c) निर्यात वृद्धि हेतु परामर्शी सेवा से
(d) बड़े उद्योगों में प्रदूषण के नियन्त्रण से

63. मुद्रा आपूर्ति का सबसे विस्तृत माप कौन-सा है?
(a) M4 (b) M3
(c) M2 (d) M1

64. एशियाई विकास बैंक ने भारत के किस नगर में अपना आवासीय कार्यालय (Residential Office) खोला है?
(a) नई दिल्ली (b) कोलकाता
(c) मुम्बई (d) बंगलुरू

65. निम्नलिखित में से भारत की राष्ट्रीय आय का मुख्य स्रोत है-
(a) सेवा क्षेत्र (b) कृषि क्षेत्र
(c) उद्योग क्षेत्र (d) व्यापार क्षेत्र

66. उदासीनता वक्र विश्लेषण की मान्यता नहीं है
(a) उपभोक्ता विवेकपूर्ण व्यवहार करता है
(b) उपयोगिता को गणितीय रूप में मापा जा सकता है
(c) उपभोक्ता संगत व्यवहार करते हैं
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

67. एकाधिकारी अपना लाभ तभी अधिकतम कर सकता है, जब
(a) उसका उत्पादन अधिकतम हो
(b) वह अधिक कीमत वसूल करता हो
(c) उसकी औसत लागत न्यूनतम हो
(d) उसकी सीमान्त लागत सीमान्त आगम के बराबर हो

68. कीमत-विभेद लाभपूर्ण होगा यदि अलग-अलग उप-बाजारों में माँग की लोच है
(a) एकसमान (b) अलग-अलग
(c) कम (d) शून्य

69. औसत आगम रेखा को और किस नाम से जाना जाता है ?
(a) माँग रेखा (b) विक्रय रेखा
(c) (a) और (b) दोनों (d) सीमान्त आगम रेखा

70. भारत के जनसंख्या घनत्व वितरण को दर्शाने की सबसे उपयुक्त विधि है
(a) मानचित्र (b) लेखाचित्र
(c) पाई-चित्र (d) ये सभी

71. पूर्ण प्रतियोगिता में सीमांत आगम बराबर होता है
(a) कीमत (b) कुल आगम
(c) शून्य (d) औसत आगम

72. प्रो. चैपमैन के विभाजन में कौन-सा प्रकार शामिल नहीं है ?
(a) सामाजिक (b) ऐच्छिक
(c) अनैच्छिक (d) प्राकृतिक

73. मूल्य निर्धारण का कार्य किया जाता है
(a) संचालकों द्वारा (b) प्रबन्धकों द्वारा
(c) निरीक्षकों द्वारा (d) कर्मचारियों द्वारा

74. निम्नलिखित में से कौन-सा कर परोक्ष कर है ?
(a) आयकर (b) प्रवेश कर
(c) उत्तराधिकार कर (d) सम्पत्तिर कर

75. मुद्राकोष के कार्यकारी संचालक मण्डल का मुख्य अधिकारी होता है
(a) मुख्य कार्यकारी अध्यक्ष
(b) प्रधान कार्यकारी संचालक
(c) गवर्नर ऑफ एक्जीक्यूटिव बोर्ड
(d) मुख्य संचालक

## उत्तर (Answers)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (d) | 2. | (b) | 3. | (a) | 4. | (c) | 5. | (d) |
| 6. | (a) | 7. | (d) | 8. | (a) | 9. | (a) | 10. | (d) |
| 11. | (c) | 12. | (b) | 13. | (b) | 14. | (c) | 15. | (d) |
| 16. | (d) | 17. | (a) | 18. | (d) | 19. | (b) | 20. | (b) |
| 21. | (d) | 22. | (b) | 23. | (a) | 24. | (b) | 25. | (a) |
| 26. | (a) | 27. | (b) | 28. | (b) | 29. | (a) | 30. | (c) |
| 31. | (d) | 32. | (c) | 33. | (c) | 34. | (a) | 35. | (b) |
| 36. | (d) | 37. | (b) | 38. | (c) | 39. | (a) | 40. | (a) |
| 41. | (b) | 42. | (c) | 43. | (b) | 44. | (a) | 45. | (c) |
| 46. | (c) | 47. | (d) | 48. | (d) | 49. | (a) | 50. | (c) |
| 51. | (a) | 52. | (b) | 53. | (d) | 54. | (a) | 55. | (a) |
| 56. | (d) | 57. | (b) | 58. | (d) | 59. | (d) | 60. | (d) |
| 61. | (b) | 62. | (a) | 63. | (b) | 64. | (a) | 65. | (a) |
| 66. | (d) | 67. | (d) | 68. | (b) | 69. | (a) | 70. | (a) |
| 71. | (a) | 72. | (a) | 73. | (a) | 74. | (a) | 75. | (b) |